Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to develop places of historical importance in Madhubani district of Bihar as tourist spots

श्री बीरेंद्र कुमार चौधरी (झंझारपुर) ः मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि बिहार राज्य के मधुबनी जिला में कई ऐसे ऐतिहासिक धर्मस्थल हैं, जिन्हें पर्यटन स्थल के रूप में जाना जा सकता है। जैसे- बाबूबरही प्रखंड के राजबलिगढ़, राजनगर प्रखंड के महाराजा कैंपस में नौलखा मंदिर, पंडौल प्रखंड के भवानीपुर में उग्नेश्वर महादेव, बेनीपट्टी प्रखंड में उच्चैठ भगवती, अंधरा ठाढ़ी प्रखंड के कमलादित्य स्थान, झंझारपुर प्रखंड के परसा धाम में सूर्योमहोत्सव, हरलाखी प्रखंड में कलनेश्वर, रामजानकी महोत्सव। सभी धर्मस्थलों में काफी जमीन है। बलिराजगढ़ में हजारो एकड़ जमीन है, वहीं राजनगर महाराजा कैंपस में 500 एकड़ से अधिक जमीन है।

राजनगर मधुबनी जिले में एक ऐतिहासिक महत्व की जगह है। यह एक जमाने में महाराजा दरभंगा की उप-राजधानी हुआ करती थी। यह महाराजा रामेश्वर सिंह के द्वारा बसाया गया था।

सौराठः मधुबनी-जयनगर रोड पर स्थित इस गांव में सोमनाथ महादेव का मंदिर है। यहां मैथल ब्राह्मणों की प्रतिवऐऩ होने वाली सभा में विवाह तय किये जाते हैं।

कपिलेश्वरनाथः मधुबनी से 9 किलोमीटर दूर इस स्थान पर अति पूज्य कपिलेश्वर शिव मंदिर है।

बलिराजगढ़ः यहां प्राचीन किले का एक भग्नावशेऐ है, जो करीब 365 बीघे में फैला हुआ है। यह स्थान जिला मुख्यालय से करीब 34 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में मधुबनी-लौकहा सड़क के किनारे स्थित है।